पाठ- 11 → काल (Tense)

I प्रश्न-उत्तर :

क. काल किसे कहते हैं ?
→ क्रिया के जिस रूप से कार्य के पूर्ण होने के समय का बोध होता है, उसे काल कहते हैं।
काल का अर्थ होता है - समय।

ख. काल के कितने भेद होते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए।
→ काल के तीन भेद होते हैं।

i) भूतकाल (बीता हुआ समय) -
उदाहरण → माँ ने कल पूरियाँ बनाई थीं।

ii) वर्तमान काल (आज का समय / चल रहा समय) -
उदाहरण → माँ आज पूरियाँ बना रही हैं।

iii) भविष्यत् काल (आने वाला समय) -
उदाहरण → माँ कल पूरियाँ बनाएँगी।

II दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के काल लिखिए।

क. बच्चा खिलौनों से खेल रहा है। → वर्तमान काल

ख. शिवाजी का चेतक बहुत तेज़ दौड़ा। → भूतकाल

ग. पुष्पा सफल डॉक्टर बनेगी। → भविष्यत् काल

घ. पुस्तकालय में बच्चे पढ़ रहे हैं। → वर्तमान काल

ङ. माँ ने काम समाप्त कर लिया। → भूतकाल

च. चिड़ियाघर में नया हाथी लाया जाएगा। → भविष्यत् काल

III विभिन्न कालों का प्रयोग करते हुए खाली स्थान भरिए।

किया , जाएगा , लिखा , जाएँगे , गई , रही हैं

क. हमें सही समय पर गाड़ी मिल गई।

ख. कल विद्यालय में खेल-दिवस मनाया जाएगा।

ग. शशांक ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

घ. सड़क पर गाड़ियाँ दौड़ रही हैं।

ङ. हम मुंबई घूमने जाएँगे।

IV. निम्नलिखित वाक्यों को दिए गए कालों में बदलिए।

क. बिल्ली सारा दूध पी गई। (वर्तमान काल)

→ बिल्ली सारा दूध पी रही है।

ख. पक्षी चहचहा रहे हैं। (भविष्यत् काल)
→ पक्षी चहचहाएँगे।

ग. हम कल घूमने जाएँगे। (भूतकाल)
→ हम कल घूमने गए थे।

घ. पिता जी अख़बार पढ़ रहे हैं। (भूतकाल)
→ पिताजी अख़बार पढ़ रहे थे।

—x—